**प्रेस नोट**

**जनपद अम्बेडकरनगर**

**थाना मालीपुर**

**दिनांक : 25.07.2026**

**जनपद अम्बेडकरनगर एसओजी,स्वाट,सर्विलांस व थाना मालीपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, एक अभियुक्त के पैर में लगी गोली, अवैध असलहा, कारतूस एवं मोटरसाइकिल बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ0 तेजवीर सिंह पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जलालपुर श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एसओजी,स्वाट,सर्विलांस व थाना मालीपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना मालीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136/2026 धारा 109(1)/352/351(3)/3(5) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

दिनांक 25.07.2026 को पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से संबंधित अभियुक्त दुर्गेश सिंह उर्फ छोटू अपने साथी के साथ जिंदासपुर जंगल में मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस बल द्वारा मौके पर पँहुचकर घेराबंदी की गई।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त दुर्गेश सिंह उर्फ छोटू द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त दुर्गेश सिंह के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उसे तत्काल पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु भेजा गया। उसके कब्जे से एक अदद .32 बोर अवैध पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा एक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल (UP45 AP 3743) बरामद हुई। घटनास्थल के समीप जंगल में छिपे दूसरे अभियुक्त आलोक मिश्रा को भी पुलिस टीम द्वारा कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**विवरण बरामदगी-**

* एक अदद .32 बोर अवैध पिस्टल
* एक अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर
* एक अदद खोखा कारतूस .32 बोर
* एक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल (UP45 AP 3743)

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.दुर्गेश सिंह उर्फ छोटू पुत्र संजय सिंह, निवासी ग्राम मंसूरपुर, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर, उम्र लगभग 23 वर्ष।

2.आलोक मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा, निवासी ग्राम ताहापुर, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर, उम्र लगभग 22 वर्ष।

**विवरण पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 136/2026, धारा 109(1)/352/351(3)/3(5) बीएनएस, थाना मालीपुर।
2. मु0अ0सं0 137/2026, धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना मालीपुर।

**विवरण आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त दुर्गेश सिंह उर्फ छोटू का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 16/2021, धारा 323/504/506 भादवि, थाना मालीपुर।
2. मु0अ0सं0 07/2024, धारा 323/504/506/427 भादवि, थाना मालीपुर।
3. मु0अ0सं0 190/2025, धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस, थाना मालीपुर।
4. मु0अ0सं0 16/2026, धारा 115(2)/117(2)/352/351(3)/324(4) बीएनएस, थाना मालीपुर।

**अभियुक्त आलोक मिश्रा का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 190/2025, धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस, थाना मालीपुर।
2. मु0अ0सं0 16/2026, धारा 115(2)/117(2)/352/351(3)/324(4) बीएनएस, थाना मालीपुर।

**गिरफ्तारी का विवरण-**

गिरफ्तारी स्थान: जिंदासपुर जंगल

गिरफ्तारी दिनांक एवं समय: 25.07.2026, समय 13:40 बजे

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

निरी0 संजय पाण्डेय प्रभारी एसओजी

उ0नि0 विनोद यादव मय सर्विलांस/स्वाट टीम

1.थानाध्यक्ष शशांक कुमार शुक्ला थाना मालीपुर

2.उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा थाना मालीपुर

3.उपनिरीक्षक शत्रुघ्न सिंह थाना मालीपुर

4.हे0का0 करुणाशंकर मिश्रा  थाना मालीपुर

5.हे0का0 जंगबहादुर यादव थाना मालीपुर

6.का0 मनी कुमार थाना मालीपुर

7.का0 पंकज यादव थाना मालीपुर

8.का0 सन्तोष भारद्वाज थाना मालीपुर